## भर्ती सूचना

## अण्डमान तथा निकोबार पुलिस अग्निशमन सेवा में पुलिस सिपाही (सहायक मेकेनिक) के पद पर भर्ती

अण्डमान तथा निकोबार पुलिस अग्निशमन सेवा में निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । पदों की संख्या, वेतनमान तथा पात्रता की शर्तें नीचे दी गई हैं :–

### 1. पदनामः– पुलिस सिपाही (सहायक मेकेनिक)

पात्रता की शर्तें :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | रिक्त पदों की संख्या | 01 पद सामान्य उम्मीदवारों के लिए |
| ख) | वेतन बैंड + ग्रेड वेतन | पी.बी. 1 रू. 5200–20200+ ग्रेड वेतन रू. 2000/– |
| ग) | आयु सीमा (दिनांक 25/07/2013 को) | 18 से 25 वर्ष सामान्य के लिए (केन्द्र सरकार द्वारा जारी अनुदेशों/आदेशों के अनुसार भूतपर्व सैनिकों/सरकारी कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्षों की छूट) |
| (घ) | शैक्षिक योग्यता | i) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से मैट्रिक परीक्षा पास<br>ii) किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से मोटर मेकेनिज़्म में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रमाणपत्र प्राप्त हो ।<br>वांछनीयः–डीजल/पेट्रोल इंजन के रखरखाव तथा मरम्मत करने का तीन वर्षों का अनुभव |

### 2. पदों के लिए आवश्यक न्यूनतम शारीरिक माप

| | | |
|---|---|---|
| क) | लम्बाई | 168 से.मी. |
| ख) | छाती (सामान्य) | 81 से.मी. |
| ग) | छाती (फुलाव सहित) | 85 से.मी. |
| घ) | वजन | 50 कि.ग्रा. |

### 3. शारीरिक क्षमता परीक्षा :

शारीरिक माप में सफल उम्मीदवारों की निम्नलिखित मानकों के अनुसार शारीरिक क्षमता परीक्षा ली जाएगी ।

| | | |
|---|---|---|
| क) | दौड़ | 1 मील 8 मिनट 30 सेकेंड में |
| ख) | लम्बी कूद | 3.5 मीटर (3 अवसर में ) |
| ग) | ऊँची कूद | 1.1 मीटर (3 अवसर में ) |

**टिप्पणी** : उम्मीदवारों को शारीरिक क्षमता परीक्षा की प्रत्येक स्पर्धा में सफल होना होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी ।

## 4. ट्रेड परीक्षा :

शरीरिक माप तथा क्षमता परीक्षा में सफल उम्मीद्वार को ट्रेड परीक्षा में भाग लेना होगा । इस पद के लिए ट्रेड परीक्षा इस प्रकार होंगे :–

| क्रम सं | पदनाम | अंक | ट्रेड परीक्षा का पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1. | पुलिस सिपाही (सहायक मेकेनिक) | 30 | उम्मीद्वार को विभिन्न प्रकार के वाहन उपलब्ध कराए जाएँगे तथा उनसे उसकी त्रुटि की पहचान कर उसे सुधारने को कहा जाएगा। सुधार के लिए दिए जा रहे त्रुटि इंजन, गियर बाक्स, चेसिस, कूलिंग, ब्रेक्स, ट्रांसमिशन, ससपेंशन, ल्यूब्रिकेशन, इलेट्रिकल तथा इलक्ट्रोनिक सिस्टम के सामान्य कार्य प्रणाली को ठीक करने की क्षमता को परखा जाएगा। |

## 5. लिखित परीक्षा :

ट्रेड क्षमता परीक्षा में सफल उम्मीद्वारों को लिखित परीक्षा में भाग लेना होगा । प्रश्न पत्र हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे । उम्मीद्वार किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं ।

**लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम इस प्रकार है :–**

| क्रम सं. | पदनाम | अंक | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1. | पुलिस सिपाही (सहायक मेकेनिक) | 50 | प्रश्न पत्र–1 में सामान्य ज्ञान, सरल अंक गणित, अंग्रेजी भाषा का ज्ञान तथा निबंध लेखन शामिल होंगे तथा प्रश्न पत्र–2 में लाइनियर तथा एंगुलर माप, 2 तथा 4 स्ट्रोक पेट्रोल तथा डीज़ल इंजन, वाल्व टाइमिंग, ट्रांसमिशन, इगनीशन, फ्यूल पंप परिचालन, हाइड्रॉलिक तथा न्यमेटिक ब्रेक सिस्टम, इंजन ओवरहाउलिंग, मल्टी पाइंट फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम, टरबोचार्जर आदि के कार्यप्रणाली तथा सिद्धांत की जानकारी से सम्बन्धित होंगे । |

## 6. साक्षात्कार :

लिखित परीक्षा में सफल उम्मीद्वारों को चयन बोर्ड के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा । साक्षात्कार 15 अंक का होगा । साक्षात्कार के दौरान इस पद के लिए उम्मीद्वार के सम्पूर्ण व्यक्तित्व, अभिरूचि, अभिवृत्ति, सामान्य बोध तथा योग्यता को परखा जाएगा ।

इसके अतिरिक्त खेल एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर में उपलब्धि के लिए अधिकतम 5 अंक तक अतिरिक्त अंक इस प्रकार दिए जाएंगे :–

| | |
|---|---|
| (क) राष्ट्रीय केडेट कोर 'सी' प्रमाणपत्र | : 2 अंक |
| (ख) राष्ट्रीय केडेट कोर 'बी' प्रमाणपत्र | : 1 अंक |
| (ग) राष्ट्रीय स्तर के खेलों में स्वर्ण पदक | : 3 अंक |
| (घ) राष्ट्रीय स्तर के खेलों में रजत पदक | : 2.5 अंक |
| (ड.) राष्ट्रीय स्तर के खेलों में कांस्य पदक | : 2 अंक |
| (च) राज्य स्तरीय खेलों में स्वर्ण पदक | : 2 अंक |
| (छ) राज्य स्तरीय खेलों में रजत पदक | : 1.5 अंक |
| (ज) राज्य स्तरीय खेलों में कांस्य पदक | : 1 अंक |

साक्षात्कार के समय खेलों तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर में प्राप्त उपलब्धियों के मूल प्रमाण पत्रों को साथ लाना होगा ।

सम्बद्ध समय पर रिक्तियों के आधार पर लिखित परीक्षा, ट्रेड परीक्षा, राष्ट्रीय केडेट कोर/खेल तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर सफल उम्मीदवारों की अंतिम सूची तैयार की जाएगी ।

## 7. चिकित्सा जाँच :

सफल उम्मीदवारों की निम्नलिखित चिकित्सा जाँच कराई जाएगी ।

(i) बिना चश्मों के दोनों आंखों की न्यूनतम दूर दृष्टि 6/6 तथा 6/9 होनी चाहिए । उम्मीदवारों को वर्णान्धिता नहीं होनी चाहिए ।

(ii) उम्मीदवार के घुटने जुड़े हुए, समतल तलवा, वेरिकोज वेन, स्क्विन्ट आंखे, टेढ़े पैर, एक आँख बन्द करने में असमर्थता, उंगलिया भली–भांति मोड़ने में असमर्थता तथा कोई अन्य विकृति नहीं होनी चाहिए ।

(iii) उम्मीदवार शारीरिक तथा मानसिक तौर से स्वस्थ हो तथा ऐसी किसी भी शारीरिक दोष से मुक्त हो जो पुलिस ड्यूटी को कुशलतापूर्वक करने में बाधक हो ।

## 8. आवेदन कैसे करें :

(i) उम्मीद्वार सादे कागज़ में नीचे दिए गए प्रपत्र में आयु प्रमाण पत्र, शैक्षिक तथा तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्रों के **स्वयं साक्ष्यांकित** प्रतियों तथा **तीन पास पोर्ट आकार फोटो** (एक फोटो को आवेदन प्रपत्र में दिए स्थान पर चिपकाना होगा तथा दो फोटो आवेदन फार्म के साथ संलग्न करना होगा) सहित भरे हुए आवेदन पत्र **पुलिस उप अधीक्षक (स्थापना), पुलिस मुख्यालय, अटलांटा प्वाइंट, पोर्ट ब्लेयर में दिनांक 01/07/2013 से 25/07/2013 के दौरान किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं** ।

किसी भी जाली दस्तावेज़ प्रस्तुत करने की स्थिति में उनके विरूद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया जा सकता है।

## 9. अंतिम तिथि :

भरे गए आवेदन **दिनांक 25/07/2013 को 1700 बजे तक** पुलिस उप अधीक्षक(स्थापना), पुलिस मुख्यालय, अटलांटा प्वाइंट, पोर्ट ब्लेयर के कार्यालय में स्वीकार किए जाएंगे ।

## 10. सामान्य अनुदेश :

(i) आवेदन प्रपत्रों की जाँच तथा स्वीकृति के उपरान्त प्रत्येक उम्मीदवार को **प्रवेश पत्र** जारी किया जाएगा, जो कि भर्ती के सभी चरणों के लिए आवश्यक होगा । उम्मीदवार द्वारा **दिनांक 29/07/2013** को **भर्ती कक्ष, पुलिस मुख्यालय, अटलांटा प्वाइंट, पोर्ट ब्लेयर** से प्रवेश पत्र प्राप्त करना होगा ।

(ii) मूल दस्तावेजों (शैक्षिक योग्यता, आयु प्रमाण, तकनीकी योग्यता, खेल/राष्ट्रीय कैडेट कोर प्रमाण पत्र) की जाँच **'साक्षात्कार'** के समय की जाएगी । अतः उम्मीद्वारों को केवल साक्षात्कार के समय अपने इन मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों को साथ लाना होगा ।

(iii) किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदनों को रदद् कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा । रद्द आवेदन के मामले में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा ।

(iv) किसी भी स्तर पर असफल उम्मीदवारों को उसी स्तर से निकाल दिया जाएगा ।

(v) उम्मीदवारों को शारीरिक क्षमता परीक्षा के लिए तैयार रहना होगा तथा इसमें अपनी जिम्मेदारी पर भाग लेना होगा । परीक्षा के दौरान अगर किसी उम्मीदवार को चोट लग जाती है अथवा कोई अन्य दुर्घटना हो जाती है तो इसके लिए अण्डमान तथा निकोबार पुलिस विभाग किसी प्रकार की क्षति पूर्ति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।

(vi) भर्ती प्रक्रिया के दौरान, यदि कोई उम्मीद्वार शारीरिक माप संबंधी भर्ती बोर्ड के निर्णय से संतुष्ट न हों तो वे उसी दिन निर्धारित प्रपत्र में अपील प्राधिकारी को लिखित अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

(vii) शारीरिक माप, क्षमता परीक्षा, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार पुलिस लाइन, पोर्ट ब्लेयर में तथा ट्रेड परीक्षा अग्निशमन मोटर परिवहन, अग्निशमन सेवा (मुख्यालय) पोर्ट ब्लेयर में आयोजित की जाएगी । इसकी तिथि तथा समय की सूचना समय रहते स्थानीय समाचार पत्रों तथा आकाशवाणी के माध्यम से दी जाएगी ।

(viii) भर्ती प्रक्रिया अथवा साक्षात्कार में भाग लेने के लिए उम्मीद्वारों को यात्रा भत्ता अथवा दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।

# फार्मेट

## अण्डमान तथा निकोबार पुलिस अग्निशमन सेवा में पुलिस सिपाही (सहायक मेकेनिक) के पद पर भर्ती हेतु आवेदन फार्म

| |
|---|
| नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो चिपकाएँ |

सेवा मे

पुलिस उप अधीक्षक (स्थापना)
पुलिस मुख्यालय, अटलांटा प्वाइंट,
पोर्ट ब्लेयर ।

विषयः अण्डमान तथा निकोबार पुलिस अग्निशमन सेवा में सिपाही (सहायक मेकेनिक) पद पर भर्ती हेतु आवेदन

महोदय,

उक्त पद को भरने हेतु आपकी भर्ती सूचना के सबंध मे मैं अपनी उम्मीद्वारी पेश करता हूँ मेरा जीवनवृत इस प्रकार है :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम (साफ अक्षरों में) | |
| 2. | पिता का नाम (साफ अक्षरों में) | |
| 3. | स्थायी पता | |
| 4. | पत्राचार के लिए पता | |
| 5. | टेलीफोन/मोबाइल नम्बर, यदि हो | |
| 6. | राष्ट्रीयता | |
| 7. | जन्म तिथि | ........ (दिन) ......... (माह) ........... (वर्ष) |
| 8. | दिनांक 25/07/2013 को आयु | .........(वर्ष).........(माह)........(दिन) |
| 9. | शैक्षिक योग्यता | |
| 10. | तकनीकी योग्यता | |
| 11. | क्या आप कभी गिरफ्तार हुए हैं अथवा किसी आरोप के लिए न्यायालय में उपस्थित हुए हैं अथवा न्यायालय द्वारा किसी बाँड की गांग की गई है अथवा यह प्रपत्र भरते समय ऐसा कोई मामला न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है ? यदि हो, तो विवरण दें । | |
| 12. | क्या आप पर किसी भर्ती/चयन बोर्ड द्वारा परीक्षा में बैठने पर प्रतिबंध लगाया गया है ? यदि हो, तो विवरण दें । | |

यदि आवेदन पत्र जमा करने के बाद मेरे विरूद्ध यदि कोई आपराधिक मामला दर्ज होता है/पुलिस द्वारा किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तारी/निरूद्ध होती है तो उससे सम्बंधित सूचना तत्काल पुलिस उप अधीक्षक (स्थापना), पुलिस मुख्यालय, अटलांटा प्वाइंट, पोर्ट ब्लेयर को मैं दूँगा, ऐसा न करने की स्थिति में इसे वास्तविकता छिपाना माना जाएगा।

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन में दी गई सभी जानकारी सही है। यदि कोई सूचना मेरे चयन से पूर्व अथवा चयनित होने के बाद गलत पाई जाती है अथवा अयोग्यता के बारे में ज्ञात होता है तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द की जा सकती है तथा जाली दस्तावेज़ जमा करने की स्थिति में मेरे विरूद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा।

आवेदक के हस्ताक्षर
दिनांक ..........................

संलग्न दस्तावेज :

| | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| 1. शैक्षिक योग्यता | ☐ | ☐ |
| 2. तकनीकी योग्यता | ☐ | ☐ |
| 3. आयु प्रमाण पत्र(10वीं कक्षा परीक्षा पास प्रमाण पत्र) | ☐ | ☐ |
| 4. श्रेणी प्रमाण पत्र | ☐ | ☐ |
| 5. दो अदद पासपोर्ट आकार के फोटो | ☐ | ☐ |

..................................................................................................

सं. पु.म.नि./स्था./डी.आर./अ.म.प/अ.नि.पु./2013/4377

# पुलिस महानिदेशक का कार्यालय

## अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

पोर्ट ब्लेयर दिनांक, 01 जुलाई, 2013

प्रतिलिपि प्रेषित :–

1. उप राज्यपाल, अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह के वरिष्ठ निजी सचिव को सूचनार्थ ।
2. निदेशक (सूचना, प्रचार एवं पर्यटन) अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन, पोर्ट ब्लेयर को इस अनुरोध के साथ कि इस सूचना को द्वीप समाचार में प्रकाशित करें।
3. केंद्र निदेशक, आकाशवाणी, पोर्ट ब्लेयर को इस अनुरोध के साथ कि इस सूचना को लगातार तीन दिनों तक प्रसारित करें ।
4. रोजगार अधिकारी, रोजगार कार्यालय, पोर्ट ब्लेयर ।
5. निदेशक, दूरदर्शन, पोर्ट ब्लेयर ।
6. समाचार संपादक, आकाशवाणी, पोर्ट ब्लेयर ।
7. प्रधान संपादक, द्वीप समाचार पोर्ट ब्लेयर ।
8. पुलिस महानिदेशक के स्टाफ अधिकारी ।

9. पुलिस महानिरीक्षक के निजी सहायक ।
10. पुलिस महानिरीक्षक (कानून एंव व्यवस्था) के रीडर ।
11. पुलिस उप महानिरीक्षक (मुख्यालय) के रीडर ।
12. समादेशक, भारत आरक्षित वाहिनी सहित सभी पुलिस अधीक्षक
13. सभी पुलिस थाना ।
14. पर्यवेक्षक प्रचालन, सिग्नल केन्द्र को इस निदेश के साथ कि उक्त सूचना को बाहरी द्वीपों के सभी थानाध्यक्षों को प्रचार हेतु भेजे ।
15. सूचना पट्ट पुलिस मुख्यालय, पुलिस लाईन, अग्निशमन सेवा ।
16. प्रभारी, कम्प्यूटर कक्ष को इस निदेश के साथ कि इस सूचना को अण्डमान तथा निकोबार पुलिस के वेबसाइट में अपलोड करे ।
17. प्रभारी भर्ती कक्ष, पुलिस मुख्यालय

पुलिस उप अधीक्षक (स्था.)
पुलिस मुख्यालय